THE BHARAT SCOUTS AND GUIDES-DIAMOND JUBILEE

The Bharat Scouts and Guides has played a pivotal role in shaping responsible citizens and promoting the values of good citizenship through non-formal education. Its comprehensive programme supports the physical, mental, social, emotional, and spiritual development of young people, preparing them to become active and constructive members of society.

In India, it began in 1909, and post-independence, efforts were made to unify various Scouts and Guides organisations. In 1950, under the guidance of the Government of India, several groups including the Boy Scouts of India, Hindustan Scouts Guides and Seva Samiti came together to form the Bharat Scouts and Guides, marking a new chapter in youth development.

Since then, it has played a vital role in shaping the lives of millions of young individuals across the country, instilling in them the values of leadership, character-building, community service, and national pride. The Bharat Scouts and Guides is recognised by the Ministry of Youth Affairs, Government of India, as the apex body in the field of Scouting and Guiding in India.

As the Bharat Scouts and Guides celebrates its 75th anniversary in 2025, it reflects on its significant contributions to the development of young Indians. Over the years, the organisation has been instrumental in fostering individual growth and has made meaningful contributions to nation-building. Its mission continues to empower youth with the skills and values needed to navigate future challenges with confidence, resilience, and compassion.

The Department of Posts is releasing a commemorative postage stamp on The Bharat Scouts and Guides-Diamond Jubilee that not only honours the enduring legacy of the Bharat Scouts and Guides but also raises awareness about its continued relevance and impact in today's society.

Credits:

Stamp/FDC/Brochure/ Cancellation Cachet	:	Ms. Kanika
Text:	:	Based on the content provided by the Proponent



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स–हीरक जयंती

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में तथा अच्छे नागरिक के मूल्यों को बढ़ावा देने में निर्णायक भूमिका निभाई है। इसके समग्र कार्यक्रम युवाओं का शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक विकास करने के साथ–साथ उन्हें समाज के सक्रिय और रचनात्मक सदस्य बनने में सहायता करते हैं।

भारत में, इसकी शुरुआत वर्ष 1909 में हुई और स्वतंत्रता पश्चात् विभिन्न स्काउट्स और गाइड्स संस्थानों को एकीकृत करने के प्रयास किए गए। 1950 में, भारत सरकार के मार्गदर्शन में, बॉय स्काउट ऑफ इंडिया, हिंदुस्तान स्काउट्स गाइड्स और सेवा समिति सहित कई समूह का विलय करके भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का गठन किया गया जिससे युवा विकास में एक नए अध्याय का सूत्रपात हुआ।

तब से, इसने देशभर के लाखों युवाओँ में नेतृत्व, चरित्र–निर्माण, समाज सेवा और राष्ट्रीय गौरव के मूल्यों को विकसित करके, उनके जीवन को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। युवा कार्यक्रम मंत्रालय, भारत सरकार ने देश में स्काउटिंग और गाइडिंग के क्षेत्र में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स को शीर्ष संस्था के रूप में मान्यता प्रदान की है।

2025 में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स अपनी स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। यह भारतीय युवाओं के विकास में इसके उल्लेखनीय योगदान को दर्शाता है। वर्षों से, यह संगठन युवाओँ के व्यक्तिगत विकास को पल्लवित करने में सहायक रहा है और इसने राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान दिया है। संगठन का मिशन युवाओं को उन आवश्यक कौशल और मूल्यों से लगातार सशक्त बनाना है, जिनके आधार पर वे आत्मविश्वास, दृढता और करूणा से युक्त होकर भविष्य में आने वाली चुनौतियों से जूझने में अपने मार्ग का निर्धारण करने में समर्थ हो सकें।

डाक विभाग भारत स्काउट्स एवं गाइड्स–हीरक जयंती पर एक स्मारक डाक टिकट जारी कर रहा है। प्रसन्नता का अनुभव करता है। यह स्मारक डाक टिकट न केवल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की चिरस्थायी परंपरा को सम्मानित करता है, वरन आज भी समाज में इसकी निरंतर प्रासंगिकता और प्रभाव के बारे में जागरूकता को और अधिक बढ़ायेगा।

आभार :

डाक टिकट/प्रथम दिवस आवरण/
विवरणिका/विरूपण कैशे : सुश्री कनिका
पाठ : प्रस्तावक से प्राप्त सामग्री के आधार पर

तकनीकी आंकड़े
TECHNICAL DATA

मूल्य	:	500 पैसे
Denomination	:	500p
मुद्रित डाक टिकटें	:	303865
Stamps Printed	:	303865
मुदिण प्रक्रिया	:	वेट ऑफसेट
Printing Process	:	Wet Offset
मुद्रक	:	प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद
Printer	:	Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at
http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamps, Miniature Sheets, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 15.00